बिहार सरकार

# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम,लि0 पटना
## (बिहार सरकार का उपकम)
## ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07/2026–27

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–800023 |
| 2 | निविदा आमंत्रण की तिथि | : | दिनांकः 15.05.2026 |
| 3 | निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | दिनांकः 30.05.2026 से 22.06.2026 को 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | दिनांकः 23.06.2026 के 15:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा बिक्री का स्थान | : | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 6 | प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | : | दिनांक–25.05.2026 को 16:00 बजे संबंधित उप महाप्रबंधक के कार्यालय कक्ष में। |
| 7 | प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | : | दिनांकः–26.05.2026 को 16:00 बजे, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–23 |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (टेकनीकल बीड) | : | दिनांकः 24.06.2026 को 15.00 बजे। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय बीड) | : | तकनीकी मूल्यांकन के बाद। |
| 10 | निविदा वैद्यता की तिथि | : | 120 दिन |
| 11 | कार्य का विवरण | : | |

| क्र0 | जिला का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित) (₹) में | अग्रधन की राशि (₹ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (₹ में) | Bid Processing Fee | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) | उप महाप्रबंधक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भागलपुर | भागलपुर जिला के टी0एन0बी0 कॉलेज परिसर में 100 शैय्या वाले बालक छात्रावास के अतिरिक्त कार्य। (ई–निविदा) | ₹31,19,000.00 | ₹63,000.00 | ₹5,000.00 | As per website | 03 (तीन) | भागलपुर |

12. भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित एवं अद्यतन नवीकृत संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकते हैं, जिन्हें सक्षम स्तर से विद्युतीकरण का भी निबंधन प्राप्त हो।

13. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी Toll Free No.-18005726571 से प्राप्त किया जा सकता है।

14. ई–निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदकों को ई–प्रोक्योरमेंट के साथ निबंधन कराना होगा। वेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें user id तथा password मिलेगा। संवेदकों को DSC (Digital Signature Certificates) भी प्राप्त करना होगा। user id, password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक ई–निविदा में भाग ले सकेंगे।

15. निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाइट पर ही, निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सुनिश्चित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों को एवं आवश्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि–पत्र की जानकारी निगम के वेबसाईट https://*bsbccl*.bihar.gov.in/www.eproc2.bihar.gov.in से प्राप्त होगी।

16. परिमाण विपत्र के मूल्य की राशि (जो किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जायेगा) का भुगतान ऑन लाईन अर्थात Internet Payment Gateway (IPG) के माध्यम से जमा करना होगा। उक्त वर्णित Internet Payment Gateway (IPG) की छायाप्रति **संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 (कॉलम–9 के अनुसार) होना चाहिए** एवं महाप्रबंधक (दक्षिण/उत्तर), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना अथवा मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के कार्यालय में निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय के पूर्व जमा करने की अनिवार्यता समाप्त की जाती है।

17. Bid processing fee + Service Tax (कॉलम–7) का भुगतान संवेदक Internet Payment Gateway (Credit/ Debit Cards) अथवा Internet Banking अथवा NEFT/ RTGS Challan के माध्यम से BSEDC Ltd. के Bid Processing Fee Account में Credit करेंगे। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगी। यह फीस निविदा प्रपत्र डाउनलोड की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा किया जाना अनिवार्य है।

18. अग्रधन की राशि **संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 (कॉलम–9 के अनुसार) के नाम से** (1) Bank Guarantee (e-BG) अथवा (2) Online (Internet Payment Gateway (IPG), (Challan) के रुप में होना चाहिए। अग्रधन की राशि, मूल रूप में **संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 (कॉलम–9 के अनुसार)** होना चाहिए।

19. निविदादाता/एजेंसी/संवेदकगण द्वारा विभिन्न प्रयोजन हेतु जमा करायी जाने वाली बैंक गारंटियों की सत्यता का Real Time जाँच एवं Expiry से पहले नवीकरण हेतु बेहतर प्रबंधन आदि से संबंधित कार्य को बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 द्वारा ICICI Bank के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। अतएव, निविदादाता/संवेदकगण कृप्या BG Issuer Bank से BG जारी कराते समय Advising Bank के रुप में ICICI Bank, Branch-Exhibition Road, Patna, (IFSC Code-ICIC0006259) को OPT करना सुनिश्चित कराएंगे। हालाँकि निविदादाता/एजेंसी/संवेदकगण EMD/SD आदि की राशि हेतु पूर्व की भाँति किसी भी Nationalised Bank/SBI द्वारा निर्गत बैंक गारंटी जमा कराने हेतु स्वतंत्र होंगें।

20. दिनांक–01.02.2019 के बाद CA द्वारा Certified/Audited/Attested किए गए सभी Documents यथा Audited Balance Sheet/ Turnover Certificate/अन्य आवश्यक दस्तावेज पर UDIN नम्बर अंकित कराने के उपरान्त ही निविदादाता इसे e-proc2 पर अपलोड करेंगे

21. वेबसाईट पर Tender free view में निविदा प्रपत्र उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र में दर्शाए गये स्वरूप में ही अग्रधन की राशि स्वीकार्य होगी।

22. कार्य की पूर्ण जानकारी के लिए संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 (कॉलम–9)/महाप्रबंधक (उत्तर/दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 पटना/मुख्य महाप्रबंधक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के कार्यालय से किसी कार्य दिवस के कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

23. बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।

24. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

25. कार्यावंटन के पश्चात् बिहार सरकार द्वारा जारी संकल्प एवं परिपत्रों में दिये गये निर्देशों का निर्माण कार्य में पालन करना अनिवार्य होगा।

26. भवन निर्माण विभाग का ज्ञापांक–5768 (भ), दिनांकः 18.07.2023 के आलोक में प्रतिशत दर निविदा (In Percentage Rate tender) पद्धति में निविदित दर की न्यूनतम् अधिसीमा को समाप्त कर दिया गया है तद्नुसार निविदादाता को उक्त पत्र के आलोक में एकरारनामा के समय उनके द्वारा निविदित दर के अनुसार additional Performance guarantee जमा करना अनिवार्य होगा।

27. निविदादाता निविदा अपलोड करते समय एक शपथ–पत्र अपलोड करेंगे जिसमें यह वर्णित होना चाहिए कि वह बिहार सरकार/भारत सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/आदि से डिबार/कालीकृत नहीं हैं। निविदा प्राप्ति के उपरांत एवं निविदा निष्पादन की प्रक्रिया के दौरान यदि संवेदक को कार्यपालक अभियंता के द्वारा डिबार किया जाता है तो निविदा में भाग लेने के लिए cut off date निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी तथा उनके निविदा का मूल्यांकन/निष्पादन किया जाएगा। यदि निविदा प्राप्ति के उपरांत एवं निविदा निष्पादन की प्रक्रिया के दौरान यदि संवेदक का ऐसा कृत्य संज्ञान में आता है जिसके कारण अभियंता प्रमुख द्वारा बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 की कंडिका–11(क) के तहत उन पर अपराधिक मामला बन जाता है अथवा निबंधन कालीकृत/निलंबित हो जाता है तो ऐसी स्थिति में उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसका प्रभाव कार्य आवंटन तक होगा।

28. निविदादाता निविदा अपलोड करते समय जो शपथ–पत्र अपलोड करेंगे वह निविदा की तिथि के बाद का हो, संलग्न (अपलोड) करना अनिवार्य होगा। पुनर्निविदा की स्थिति में उक्त कार्य के लिए प्रथम/मूल निविदा की तिथि के बाद का निर्गत अभिलेख भी मान्य होगा।

29. गृह विभाग के पत्रांक–29 दिनांक–25.01.2021 के आलोक में कार्य का आवंटन निविदा के माध्यम से प्राप्त करने वाले व्यक्तियों (संवेदक एवं उपसंवेदकों) से जिला पुलिस के द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एकरारनामा के पूर्व समर्पित करना अनिवार्य होगा।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।

ज्ञापांकः–1883 दिनांकः 15/6/2026

प्रतिलिपिः– निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को e-advertisement के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित ।

**मुख्य महाप्रबंधक,**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।